C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 335 | बिजौलिया - गुरुवार, 18 जून ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## शहरी सेवा शिविरों से आमजन को मिल रहा त्वरित लाभ : मुख्यमंत्री

### सरकार की प्राथमिकता अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना, उदयपुर में शिविर का किया निरीक्षण

**भीलवाड़ा फोकस @ उदयपुर ।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ पहुंचाना है। इसी उद्देश्य से प्रदेशभर में आयोजित किए जा रहे शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री बुधवार को उदयपुर विकास प्राधिकरण परिसर में आयोजित शहरी सेवा शिविर के निरीक्षण के दौरान संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री ने शिविर में पहुंचकर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा लाभार्थियों से सीधे संवाद कर उन्हें मिल रही सुविधाओं और सरकारी योजनाओं के प्रभाव की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सेवा शिविरों के जरिए पट्टा वितरण, नामांतरण, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण स्वीकृति सहित विभिन्न राजस्व एवं नागरिक सेवाओं से जुड़े मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया जा रहा है। जिन मामलों में जांच अथवा प्रक्रिया के कारण समय लगेगा, उनके लिए अलग से फॉलोअप शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविरों में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उसका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुजुर्गों, दिव्यांगजनों, महिलाओं और वंचित वर्गों को सरकारी सुविधाएं सरल एवं सुलभ तरीके से उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।






**बुनियादी सुविधाओं पर विशेष जोर**

मुख्यमंत्री शर्मा ने नगर निकायों से जुड़ी समस्याओं के समाधान पर भी विशेष बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को पार्क, सड़क, नाली, सीवरेज, बिजली तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही नागरिकों से अपील की कि वे अपने आसपास के पात्र एवं जरूरतमंद लोगों को सेवा शिविरों तक पहुंचाने में सहयोग करें, ताकि अधिक से अधिक लोग योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

**लाभार्थियों को वितरित किए प्रमाण पत्र व सहायता**

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल एवं प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने लाभार्थियों को पट्टे, प्रमाण पत्र, भवन निर्माण स्वीकृति पत्र, सहायता राशि के चेक एवं दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए। लाभार्थियों ने राज्य सरकार की इस पहल को जनहितकारी बताते हुए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, राजस्व मंत्री हेमंत मीणा, विधायक ताराचंद जैन, फूल सिंह मीणा, उदयलाल डांगी, श्रीचंद कृपलानी सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## सूने मकान पर चोरों का धावा, स्कूटी समेत जेवर-नकदी ले उड़े; CCTV में कैद हुई वारदात



**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

कस्बे के पोस्ट ऑफिस रोड क्षेत्र में चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए के सामान पर हाथ साफ कर दिया। परिवार के बाहर होने का फायदा उठाकर बदमाश मकान के ताले तोड़कर अंदर घुसे और स्कूटी, जेवरात, नकदी सहित कीमती सामान चोरी कर फरार हो गए। घटना की तस्वीरें पास में लगे सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हुई हैं, जिसके आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

जानकारी के अनुसार पोस्ट ऑफिस रोड निवासी देवेंद्र सिंह चौहान 10 जून से अपने परिवार के साथ ब्यावर गए हुए थे। इस दौरान उनका आसींद स्थित मकान बंद पड़ा था। मंगलवार शाम पड़ोसियों ने मकान के ताले टूटे होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही देवेंद्र सिंह आसींद पहुंचे, जहां घर के मुख्य द्वार के ताले टूटे मिले और अंदर का सामान बिखरा पड़ा था।

पीड़ित ने बताया कि चोर घर से एक स्कूटी, 10 हजार रुपए नकद, करीब 400 ग्राम चांदी की चूड़ियों के तीन सेट, पांच जोड़ी बिछिया, दो जोड़ी पायल, एक चांदी का शीशफूल तथा लगभग 25 हजार रुपए कीमत की सात हाथ घड़ियां चोरी कर ले गए। इसके अलावा कुछ अन्य घरेलू सामान भी गायब मिला है।

वारदात के बाद पीड़ित ने पुलिस थाने में रिपोर्ट देकर चोरी हुए सामान की बरामदगी और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं सामने आए सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है।


## छात्रों की आवाज सुनने कोटा पहुंचे राहुल गांधी, शिक्षा व्यवस्था और युवाओं के भविष्य पर उठाए सवाल

### 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में बोले- शिक्षा व्यवस्था बच्चों पर दबाव बना रही, मिलकर बदलनी होगी सोच

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

**गर्वित ।** प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों, बढ़ते शैक्षणिक दबाव और छात्रों की आत्महत्या जैसी चिंताजनक घटनाओं के बीच लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी बुधवार को कोटा पहुंचे। देश की कोचिंग राजधानी माने जाने वाले कोटा में उन्होंने विद्यार्थियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। राहुल गांधी के दौरे को लेकर शहर में खासा उत्साह देखने को मिला और कांग्रेस कार्यकर्ताओं व समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।दोपहर करीब साढ़े तीन बजे चार्टर विमान से कोटा पहुंचे राहुल गांधी का एयरपोर्ट पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस नेता सचिन पायलट सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। एयरपोर्ट परिसर राहुल गांधी के समर्थन में लगे नारों से गूंज उठा।

राहुल गांधी के आगमन से पहले एयरपोर्ट लाउंज में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट की मुलाकात भी चर्चा का विषय बनी रही। हाल के राजनीतिक घटनाक्रमों के बीच दोनों नेताओं को एक साथ बैठकर आत्मीयता से बातचीत करते देखा गया, जिसने राजनीतिक हलकों का ध्यान आकर्षित किया।



एयरपोर्ट से बाहर निकलते समय राहुल गांधी की एक झलक पाने के लिए समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस एवं सुरक्षा एजेंसियों को अतिरिक्त व्यवस्थाएं करनी पड़ीं। इसके बाद राहुल गांधी शहर के एक निजी होटल पहुंचे, जहां उन्होंने चुनिंदा विद्यार्थियों के साथ बंद कमरे में चर्चा की। छात्रों ने प्रतियोगी परीक्षाओं, पेपर लीक, भर्ती प्रक्रियाओं में देरी और मानसिक दबाव जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।

बाद में राहुल गांधी दशहरा मैदान में आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम को विशेष रूप से विद्यार्थियों और युवाओं के लिए आयोजित किया गया था। संबोधन के दौरान राहुल गांधी ने स्पष्ट कहा कि यह राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि छात्रों और युवाओं की आवाज को मंच देने का प्रयास है।

उन्होंने शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि देश का मौजूदा शिक्षा तंत्र बच्चों पर अनावश्यक दबाव और तनाव बढ़ा रहा है। यह व्यवस्था विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के बजाय कई बार उन्हें मानसिक रूप से तोड़ देती है। उन्होंने कहा कि समाज और सरकार को मिलकर ऐसा वातावरण तैयार करना होगा, जहां किसी भी छात्र को आत्महत्या जैसा कदम उठाने की नौबत न आए।

राहुल गांधी ने यह भी कहा कि देश के युवाओं के सामने करियर के सीमित विकल्प प्रस्तुत किए जाते हैं, जबकि आज विभिन्न क्षेत्रों में अपार संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि हर छात्र को केवल डॉक्टर या इंजीनियर बनने की दिशा में ही क्यों प्रेरित किया जाता है।

कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी ने एक छात्रा का सुसाइड नोट दिखाते हुए कहा कि यह किसी एक छात्र की असफलता नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की विफलता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि युवाओं के सपनों की रक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए व्यापक सुधारों की आवश्यकता है।

कोटा दौरे से पहले राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर भी छात्रों से जुड़े मुद्दों को लेकर चिंता व्यक्त की थी। उन्होंने हाल ही में सीकर और देहरादून में हुई छात्र आत्महत्या की घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि पेपर लीक, परीक्षा प्रणाली की खामियां और प्रशासनिक कुप्रबंधन युवाओं के भविष्य को प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों की आवाज को मजबूती से उठाने की यह मुहिम कोटा से शुरू की जा रही है।

## बनास नदी में आधी रात छापा, बजरी माफियाओं के मंसूबों पर पानी

### पुलिस ने जेसीबी व दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त कीं, चालक गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में अवैध बजरी खनन के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में हमीरगढ़ थाना पुलिस ने मंगलवार देर रात बनास नदी क्षेत्र में दबिश देकर अवैध खनन में जुटे वाहनों को जब्त किया। पुलिस की अचानक कार्रवाई से खनन में लगे लोगों में हड़कंप मच गया। मौके से एक जेसीबी चालक को गिरफ्तार किया गया, जबकि दो ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर अंधेरे में फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध खनन और बजरी परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत हमीरगढ़ थानाधिकारी सुनील कुमार बेड़ा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम मंगलवार देर रात गश्त करते हुए जवासिया गांव स्थित बनास नदी क्षेत्र पहुंची। वहां नदी किनारे मशीनों और ट्रैक्टरों की मदद से बजरी खनन एवं परिवहन की गतिविधियां संचालित होती मिलीं। पुलिस दल को देखकर खनन में लगे लोगों ने भागने का प्रयास किया। इस दौरान दो ट्रैक्टर चालक अपने वाहन मौके पर छोड़कर झाड़ियों की ओर भाग निकले। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जेसीबी चालक कन्हैयालाल (28) निवासी जवासिया को पकड़ लिया। जांच के दौरान सामने आया कि मौके पर खड़ी जेसीबी मशीन और दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियां बिना नंबर की थीं।

पुलिस ने मौके पर वीडियोग्राफी कर साक्ष्य जुटाए तथा जेसीबी सहित बजरी से भरी दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त कर थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा करवाया। वाहन मालिकों और फरार चालकों की पहचान के प्रयास भी शुरू कर दिए गए हैं।

मामले में पुलिस ने संगठित रूप से अवैध खनन और बजरी परिवहन करने का प्रकरण दर्ज किया है और जांच में जुटी हुई है ।

## रोड रोलर से भिड़ी बाइक, युवक की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

मांडल थाना क्षेत्र में बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसा खड़ेश्वरजी मंदिर के पास उस समय हुआ, जब सामने से आ रहे रोड रोलर से बाइक की टक्कर हो गई।

जानकारी के अनुसार बरण गांव निवासी रतन ओड (25) पुत्र रमेश ओड बाइक से खड़ेश्वरजी मंदिर क्षेत्र से अपने गांव की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे रोड रोलर से उसकी भिड़ंत हो गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे की सूचना पर 108 एंबुलेंस के पायलट प्रभु प्रजापत एवं मेल नर्स गिरिराज पायक मौके पर पहुंचे और घायल युवक को उपचार के लिए मांडल उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रेफर कर दिया, लेकिन अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही मांडल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

## सांवलिया सेठ के दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब, भंडार से अब तक निकले 25.81 करोड़ रुपए

### दूसरे चरण की गणना में मिले 8.26 करोड़ रुपए, नोटों-चिल्लर और सोना-चांदी का आकलन अभी शेष

**भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़ ।**

भगवान श्री सांवलिया सेठ के दरबार में श्रद्धालुओं की अटूट आस्था एक बार फिर दान राशि के रूप में दिखाई दी है। चतुर्दशी पर खोले गए मंदिर के भंडार की गणना का दूसरा चरण बुधवार को पूरा हुआ, जिसके बाद अब तक मंदिर को 25 करोड़ 81 लाख 46 हजार 200 रुपए की दान राशि प्राप्त हो चुकी है। हालांकि यह आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है, क्योंकि भंडार में मौजूद नोटों, चिल्लर तथा सोने-चांदी की गणना और वजन की प्रक्रिया अभी जारी है।

बुधवार सुबह राजभोग आरती के बाद मंदिर मंडल अध्यक्ष हजारी दास वैष्णव की मौजूदगी में भंडार की गिनती शुरू की गई। मंदिर मंडल सदस्य पवन तिवारी, हरिराम गाडरी, रामलाल गुर्जर तथा प्रशासनिक अधिकारी प्रथम शिव शंकर पारीक की निगरानी में पूरे दिन गणना कार्य संपन्न हुआ।





दूसरे चरण में 8 करोड़ 26 लाख 46 हजार 200 रुपए की राशि की गणना की गई। गिनती पूरी होने के बाद निर्धारित प्रक्रिया के तहत राशि को संबंधित बैंकों में जमा करा दिया गया। इससे पहले पहले चरण में 17 करोड़ 55 लाख रुपए की गणना हो चुकी थी। दोनों चरणों की राशि मिलाकर अब तक 25 करोड़ 81 लाख 46 हजार 200 रुपए का आंकड़ा सामने आ चुका है।

मंदिर प्रशासन के अनुसार भंडार में अभी बड़ी मात्रा में छोटे-बड़े नोट और चिल्लर मौजूद हैं, जिनकी गिनती जारी है। इसके अलावा श्रद्धालुओं द्वारा भेंट किए गए सोने-चांदी के आभूषणों एवं अन्य कीमती वस्तुओं का वजन और मूल्यांकन भी किया जाना बाकी है। सभी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद ही अंतिम आंकड़ा जारी किया जाएगा।

भंडार की गणना के साथ मंदिर में धार्मिक गतिविधियां भी नियमित रूप से जारी रहीं। ओसरा पुजारी द्वारा भगवान श्री सांवलिया सेठ का गंगाजल से अभिषेक कर आकर्षक श्रृंगार किया गया तथा विशेष पूजा-अर्चना संपन्न हुई। दिनभर राजस्थान सहित देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन कर मनोकामनाएं मांगीं। मंदिर परिसर में सुबह से शाम तक भक्तों की भारी भीड़ बनी रही।

' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo. 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

C M Y K

# राम-जानकी व तेजाजी महाराज की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ नौ दिवसीय श्रीराम महायज्ञ संपन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।**

**जसवंत पारीक**

निकटवर्ती होलीरड़ा गांव में आयोजित नौ दिवसीय सप्तकुंडीय श्रीराम महायज्ञ बुधवार को भगवान राम-जानकी एवं वीर तेजाजी महाराज की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा तथा विभिन्न मंदिरों पर स्वर्ण कलश स्थापना के साथ श्रद्धा और भक्ति भाव से संपन्न हुआ। महायज्ञ की पूर्णाहुति पर क्षेत्रभर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने धर्म लाभ अर्जित किया।

यज्ञाचार्य पंडित गोपाललाल भट्ट दोवनी के सान्निध्य में प्रातःकाल स्थापित देवी-देवताओं का पूजन एवं हवन किया गया। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच चारभुजानाथ मंदिर में भगवान राम-जानकी की तथा तेजाजी मंदिर में वीर तेजाजी महाराज की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न हुई।

महोत्सव के तहत चारभुजानाथ, तेजाजी महाराज, बालाजी एवं भोलेनाथ मंदिरों पर ध्वजदंड एवं गरुड़ घंटा स्थापित किए गए। वहीं तेजाजी महाराज के नवनिर्मित मंदिर, बालाजी मंदिर तथा पुराने तेजाजी मंदिर पर स्वर्ण कलश स्थापना की गई। तेजाजी मंदिर में लीलण घोड़ी एवं शिवालय में कार्तिक भगवान की प्रतिमा भी स्थापित की गई।

अंतिम दिन आयोजित महायज्ञ में 71 दंपतियों ने नौ हवन कुंडों पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 71 हजार आहुतियां अर्पित कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।



दोपहर 12:15 बजे महाआरती के साथ महायज्ञ की पूर्णाहुति हुई। इसके बाद प्रसादी का भोग लगाकर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान हनुमानजी की गदा की बोली 31 हजार 500 रुपये में लादूलाल जाट ने ली। वहीं तुलसी माता के पीहर जित्यास से भैरूलाल वैष्णव परिवार द्वारा मायरा लाया गया, जिनका ग्रामीणों ने पारंपरिक स्वागत किया।महायज्ञ के आठवें दिन मंगलवार रात्रि को विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भजन गायक बालकिशन चौधरी ने गणेश वंदना से किया। इसके बाद कृष्णा चौधरी माझावास, दिनेश नायक गणेशपुरा एवं आयुष शर्मा आकोला ने तेजाजी महाराज और अन्य देवी-देवताओं के भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में सराबोर होकर झूमते रहे। इस दौरान ईशू बाबू एवं सोनू ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।

# तत्वार्थसूत्र मण्डल विधान में गूंजा जिनवाणी का संदेश, श्रद्धालुओं ने अर्जित किया धर्मलाभ

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

श्री सीमंधर जिनालय में चल रहे वार्षिकोत्सव एवं पंच-दिवसीय श्रुत पंचमी महापर्व के तहत बुधवार को श्री तत्वार्थसूत्र मण्डल विधान सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन भक्ति एवं आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुए। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर जिनवाणी के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

दिन की शुरुआत प्रातः जिनेन्द्र अभिषेक एवं पूजन के साथ हुई। इसके बाद आयोजित प्रवचन, धर्मचर्चा एवं अध्ययन कक्षाओं में श्रद्धालुओं ने जैन धर्म के सिद्धांतों और आत्मकल्याण के मार्ग पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की।



दोपहर में आयोजित श्री तत्वार्थसूत्र मण्डल विधान महापर्व का प्रमुख आकर्षण रहा। विधान के दौरान जैन दर्शन, जिनवाणी की महिमा एवं तत्वार्थसूत्र के आध्यात्मिक संदेशों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। श्रद्धालुओं ने विधिपूर्वक पूजन-अर्चना कर धर्म लाभ अर्जित किया।

सायंकालीन सत्र में जिनेन्द्र भक्ति, प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। महिला, पुरुष एवं युवा वर्ग ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए धार्मिक प्रस्तुतियों के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। संपूर्ण कार्यक्रम पंडित देवेन्द्र कुमार के सान्निध्य में संपन्न हुए। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से पधारे विधानकर्ताओं एवं सहयोगियों का सम्मान किया गया।

श्री दिगम्बर जैन मुमुक्षु मण्डल एवं महिला मण्डल ने सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं, अतिथियों एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# पूर्व विधायक जोशी की पुण्यतिथि पर सेवा, श्रद्धा और पर्यावरण संरक्षण का संगम

## 501 फलदार वृक्ष लगाने का संकल्प, त्रिवेणी संगम पर चला स्वच्छता अभियान

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

पूर्व विधायक एवं श्री जोगणिया माता संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय भंवरलाल जोशी की तृतीय पुण्यतिथि बुधवार को सेवा, श्रद्धा और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, संस्थान पदाधिकारियों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

कार्यक्रम की शुरुआत त्रिवेणी संगम पर स्वच्छता अभियान से हुई। उपस्थित लोगों ने श्रमदान कर घाट परिसर की साफ-सफाई की तथा जलीय जीवों को दाना डालकर सेवा कार्य किया। इसके बाद त्रिवेणी महादेव मंदिर में भगवान शिव का विशेष अभिषेक एवं



पूजन-अर्चन किया गया। श्रद्धालुओं ने आरती में भाग लेकर स्वर्गीय जोशी की आत्मा की शांति और सद्गति की कामना की। इसके पश्चात श्री जोगणिया माता शक्तिपीठ में चल रहे पाटोत्सव के समापन अवसर पर विशेष धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। संस्थान कार्यालय में स्वर्गीय भंवरलाल जोशी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा गया तथा उनके सामाजिक, धार्मिक और जनसेवा के कार्यों को स्मरण किया गया। पुण्यतिथि कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए संस्थान ने ठुकराई चौराहे से श्रीनगर मार्ग तक सड़क के दोनों ओर 501 फलदार वृक्ष लगाने का संकल्प लिया। संस्थान पदाधिकारियों ने बताया कि आगामी वर्षा ऋतु में विशेष पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा तथा पौधों के संरक्षण और नियमित देखभाल की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम में संस्थान अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी, मेड़केश्वर महादेव के महंत नंदकिशोर दास महाराज, डॉ. श्याम बिहारी दिनकर, कन्हैयालाल मेवाड़ा, रमेश गुर्जर, सूरजमल गुर्जर, सीताराम धाकड़, लक्ष्मण धाकड़, दिनेश सनाढ्य, महेंद्र सोलंकी, महेश सोनी, प्यारचंद सोनी, सांवरमल शर्मा, नारायणलाल शर्मा, राजभगत सिंह राठौड़, कन्हैयालाल जैन, रामप्रसाद वैष्णव, गोपाल पालीवाल, रामेश्वरलाल गुर्जर सहित वेद विद्यालय के बटुक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# देवनारायण जी एवं साडू माता की मूर्ति स्थापना समारोह में पहुंचे धीरज गुर्जर, सराय निर्माण में सहयोग का किया ऐलान

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण।**

**दिनेश पारीक।** ग्राम पंचायत सातोला का खेड़ा के ग्राम सातोला एवं ढाबाजी में बुधवार को भगवान श्री देवनारायण जी और साडू माता की मूर्ति स्थापना एवं कलश स्थापना यज्ञ का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पूर्व राज्य मंत्री धीरज गुर्जर ने भाग लेकर पूजा-अर्चना की तथा श्रद्धालुओं का आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर धीरज गुर्जर ने दोनों धार्मिक स्थलों पर 5100-5100 रुपये की सहयोग राशि भेंट की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि धार्मिक और सामाजिक स्थलों का विकास क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करता है।

उन्होंने पंचायत राज चुनाव के बाद कांग्रेस का प्रधान बनने पर सातोला एवं ढाबाजी दोनों स्थानों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एक-एक सराय निर्माण हेतु लगभग 10-10



लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की। साथ ही ढाबाजी में बिजली कनेक्शन की व्यवस्था कराने का भी आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में पूर्व जीएसएस अध्यक्ष शंकर, लादू जाट, भगवतीलाल, देवकिशन, यादराम, पप्पू, कमलेश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# चरागाह भूमि संरक्षण के लिए गौचर बचाओ फाउंडेशन की पहल, लगाए गए सूचना बोर्ड

## जिले में 11 हजार बोर्ड लगाने का लक्ष्य, ग्रामीणों से सहयोग की अपील

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

गौचर बचाओ फाउंडेशन ने राजस्थान की चरागाह (गौचर) भूमि के संरक्षण और जनजागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुरला क्षेत्र के बासंडा, समोडी और केवाड़ा गांवों में चरागाह भूमि संरक्षण सूचना बोर्ड स्थापित किए हैं। इस पहल का उद्देश्य गौचर भूमि को अतिक्रमण से बचाने तथा ग्रामीणों को इसके महत्व के प्रति जागरूक करना है।

इस अवसर पर फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक गोटू सिंह मंगलपुरा, कालू रेबारी, एम.एल. कुमावत, लादू लोहार सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

फाउंडेशन पदाधिकारियों ने बताया कि चरागाह भूमि ग्रामीण क्षेत्रों की महत्वपूर्ण सार्वजनिक संपत्ति है, जो गौवंश एवं अन्य




पशुओं के लिए चारे का प्रमुख स्रोत होने के साथ पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान में कई स्थानों पर चरागाह भूमि पर अतिक्रमण और अवैध उपयोग की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे पशुधन और प्राकृतिक संसाधनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

फाउंडेशन ने भीलवाड़ा जिले में लगभग 11 हजार सूचना बोर्ड लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इन बोर्डों के माध्यम से चरागाह भूमि की पहचान स्पष्ट होगी और अतिक्रमण रोकने में सहायता मिलेगी।

सूचना बोर्डों पर संबंधित चरागाह भूमि का खसरा नंबर, क्षेत्रफल एवं अन्य आवश्यक विवरण अंकित किए गए हैं। साथ ही क्यूआर कोड एवं जनसहयोग संबंधी जानकारी भी प्रदर्शित की गई है, जिससे आमजन भूमि की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकें।

फाउंडेशन ने ग्रामीणों से अपने क्षेत्र की गौचर भूमि की सुरक्षा एवं संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया है। साथ ही किसी भी प्रकार के अतिक्रमण या अवैध गतिविधि की सूचना प्रशासन एवं फाउंडेशन को देने की अपील की है।

फाउंडेशन का लक्ष्य राजस्थान के प्रत्येक गांव में चरागाह भूमि की पहचान कर सूचना बोर्ड स्थापित करना है, ताकि हजारों बीघा गौचर भूमि को सुरक्षित रखा जा सके और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित हो सके।

# श्री संभवनाथ जैन मंदिर का 16वां ध्वजा एवं वर्षगांठ महोत्सव आज से

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

बापूनगर स्थित श्री संभवनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर का 16वां वार्षिक ध्वजा एवं मंदिर वर्षगांठ महोत्सव गुरुवार 18 जून से श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ प्रारंभ होगा। दो दिवसीय महोत्सव के अंतर्गत विविध धार्मिक अनुष्ठान, पूजन एवं सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन को लेकर मंदिर समिति ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। महोत्सव मेवाड़ देशोद्धारक आचार्य श्री जितेन्द्र सूरिश्वरजी महाराज के शिष्यरत्न आचार्य श्री निपूणरत्न विजय सूरिश्वरजी महाराज एवं पूज्य राजरत्न विजयजी महाराज की प्रेरणा एवं पावन सान्निध्य में आयोजित किया जा रहा है।

मंदिर समिति अध्यक्ष मनीष बापना ने बताया कि ध्वजा महोत्सव की पूर्व संध्या पर गुरुवार शाम 7:15 बजे सायंकालीन आरती एवं भव्य अंगरचना दर्शन के पश्चात भक्ति संध्या का आयोजन होगा। इसमें नीमच के प्रसिद्ध जैन संगीतकार महावीर जैन एंड ग्रुप द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं भीलवाड़ा के गोविंद गुरावा भी प्रभु भक्ति



एवं आध्यात्मिक भावनाओं से ओतप्रोत भजनों का गायन करेंगे।

समिति मंत्री दिनेश गोलेछा ने बताया कि 19 जून को मुख्य ध्वजा एवं मंदिर वर्षगांठ महोत्सव मनाया जाएगा। कायमि ध्वजा का लाभ धर्मनिष्ठ प्रभादेवी, मनीष-ममता, प्रणय एवं प्रियांश बापना परिवार द्वारा लिया जाएगा। महोत्सव दिवस पर सुबह 6:30 बजे लाभार्थी परिवार के निवास से मंदिर तक भव्य वरघोड़ा निकाला जाएगा। इसके बाद सुबह 8:15 बजे स्नात्र पूजा एवं ध्वजा महोत्सव का आयोजन होगा। सुबह 9 बजे से वार्षिक चढ़ावा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। महोत्सव के उपरांत लाभार्थी परिवार की ओर से साधार्मिक स्वामी वात्सल्य का आयोजन भी किया जाएगा।

# महाराणा प्रताप जयंती पर महिला विंग की अनूठी पहल, गोवंश सेवा महाअभियान चलाया

## 51 परिंडे, 51 पानी की टंकियां एवं 51 गौ-ग्रास पात्र रखवाकर दिया सेवा का संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती के अवसर पर श्री अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा महिला विंग ने अनूठी पहल करते हुए गोवंश सेवा महाअभियान के तहत गौ सेवा एवं जीव संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत गोवंश एवं पक्षियों के लिए 51 परिंडे, 51 पानी की टंकियां तथा 51 गौ-ग्रास पात्र स्थापित किए गए।

महिला विंग की राष्ट्रीय संरक्षिका जया सिंह जूदेव, राष्ट्रीय अध्यक्षा भंवर कंवर, प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा कंवर एवं प्रदेश महिला कार्यकारी अध्यक्ष माया कंवर के निर्देशन में आयोजित अभियान का उद्देश्य गोवंश को



स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण में भोजन और पानी उपलब्ध कराना रहा।

पदाधिकारियों ने बताया कि अक्सर गौ माता के लिए डाला जाने वाला चारा एवं भोजन सड़कों पर बिखर जाता है, जिससे उसका अपमान होने के साथ स्वच्छता संबंधी समस्याएं भी उत्पन्न होती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए गौ-ग्रास पात्र एवं पानी की टंकियां रखवाई गईं, ताकि गोवंश सुरक्षित एवं स्वच्छ तरीके से अन्न-जल ग्रहण कर सके।

महिला विंग की सदस्यों ने महाराणा प्रताप की जयंती को सेवा और संस्कारों से जोड़ते हुए गौ सेवा को सबसे बड़ा धर्म बताते हुए समाज को पशु संरक्षण के लिए आगे आने का आह्वान किया।

इस अवसर पर माधवी कंवर, निर्मल कंवर, कामिनी, शीनू, राखी चौहान, माया कंवर, भंवर कंवर, पूनम कंवर, दुर्गा कंवर, नीरज कंवर, मनीषा कंवर, गीता कंवर, दीक्षा, रीना, पिंकू सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही। सभी ने अभियान को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया।

# 22 जून को रामेश्वरम भवन में होगा 'माहेश्वरी वंशोदय' फिल्म का विमोचन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

माहेश्वरी समाज के इतिहास, उत्पत्ति और सांस्कृतिक विरासत पर आधारित शोधपरक फिल्म 'माहेश्वरी वंशोदय' का विमोचन 22 जून को महेश नवमी की पूर्व संध्या पर रामेश्वरम भवन, हरनी महादेव रोड में किया जाएगा।

श्रीनगर माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष केदारमल जागेटिया ने बताया कि समाजसेवी एवं शोधकर्ता चंद्र मोहन शारदा द्वारा निर्मित 20 मिनट की इस फिल्म में माहेश्वरी समाज की उत्पत्ति से जुड़ी पौराणिक कथाओं, भगवान महेश से संबंधित मान्यताओं तथा विभिन्न ग्रंथों में वर्णित तथ्यों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। एआई तकनीक से निर्मित इस फिल्म की शूटिंग मंदिरों, राजप्रासादों एवं ऐतिहासिक परिवेश में की गई है।

उन्होंने बताया कि फिल्म का विमोचन समाज के भामाशाह ज्योति कुमार माहेश्वरी द्वारा महासभा के पूर्व सभापति रामपाल सोनी तथा समाजसेवी एवं भामाशाह निर्मल मूंदड़ा के सान्निध्य में किया जाएगा।

सभा के मंत्री सुरेश बिड़ला एवं कार्यक्रम प्रभारी सुनीत जागेटिया ने बताया कि फिल्म का प्रदर्शन रात्रि 8:15 बजे आयोजित होने वाले हास्य हंगामा (कवि सम्मेलन) से पूर्व किया जाएगा। उन्होंने समाजजनों से समय पर पहुंचकर कार्यक्रम का लाभ लेने एवं अपने स्थान सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।



QUICK BITES

## तेरापंथ युवक परिषद के वार्षिक अधिवेशन में मनोज दक 62 मतों से अध्यक्ष निर्वाचित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



तेरापंथ धर्मसंघ की संघीय संस्था तेरापंथ युवक परिषद के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव सम्पन्न हुए जिसमें मनोज दक ने 62 मतों से ऐतिहासिक जीत हासिल की ।
तेरापंथ युवक परिषद के पूर्व अध्यक्ष अमित महता ने बताया कि चुनाव में परिषद के 286 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया मनोज दक को 174 मत, एवं बादल मेहता को 112 मत प्राप्त हुए । समर्थकों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनोज दक का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया । चुनाव प्रक्रिया को मुख्य चुनाव अधिकारी सुनील बनवट एवं संपत कोठारी की देखरेख में निष्पक्षता से संपन्न कराया गया ।
अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद की और से पर्यवेक्षक के रूप में तुषार सुराना, हिमांशु रांका एवं अभातेयुप सदस्य कुलदीप मारू, अभिषेक आंचलिया विशेष रूप से उपस्थित रहे ।
नव निर्वाचित अध्यक्ष मनोज दक ने सभी परिषद के सदस्यों एवं समर्थकों का आभार व्यक्त किया और संगठन की गरिमा, एकता और परिषद की गतिविधियों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सभी साथियों को एक साथ लेकर कार्य करने का संकल्प जताया।
वही चुनाव से पूर्व परिषद का वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया, जिसमें निवर्तमान अध्यक्ष ने सभी सदस्यों का स्वागत किया मंत्री ने वर्षभर आयोजित की गई गतिविधियों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया । कोषाध्यक्ष सुनील श्रीमाल ने आय व्यय का विवरण सभी के समक्ष रखा । मुख्य अतिथि के रूप में तेरापंथ सभा के अध्यक्ष अशोक सिंघवी ने युवाओं को पूर्ण निष्ठा, समर्पण और ऊर्जा के साथ संघ की सेवा में जुटने का आव्हान किया । इस अवसर पर परिषद से रिटायर होने वाले 34 युवा साथियों का सम्मान किया गया । अंत में सभा का आभार सुधीर दक ने व्यक्त किया ।

## महाराणा प्रताप जयंती पर निकली भव्य वाहन रैली

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा




वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर शहर में भगत सिंह युवा संगठन के तत्वावधान में भव्य वाहन रैली निकाली गई। रैली गंगापुर चौराहे से प्रारंभ होकर पासल चौराहे स्थित महाराणा प्रताप सर्कल तक पहुंची। रैली में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया और महाराणा प्रताप के जयकारों से क्षेत्र का माहौल गूंज उठा।
रैली के दौरान युवाओं ने महाराणा प्रताप के साहस, त्याग, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के आदर्शों को याद किया। पासल चौराहे स्थित महाराणा प्रताप सर्कल पहुंचने पर युवाओं ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया।
कार्यक्रम का नेतृत्व भगत सिंह युवा संगठन के जिला अध्यक्ष कोमल सिंह पुरावत ने किया। इस अवसर पर नवरतन सिंह, धीरज सिंह, परमेश्वर दमामी, विकास जाट, दिलखुश सोनी, नारायण नाथ, युवराज, हुकमीचंद, दिव्या छिपा, पूनम कंवर, लक्ष्मी कंवर एवं नीतू सिंह सहित बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।
महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष्य में युवा सेवा समिति एवं भगत सिंह युवा संगठन द्वारा शरबत वितरण शिविर भी लगाया गया, जिसमें राहगीरों एवं आमजन को ठंडा शरबत पिलाकर गर्मी से राहत पहुंचाई गई।

## महाराणा प्रताप के शौर्य और बलिदान को किया नमन, एडवोकेट स्नेह परिवार ने मनाई जयंती

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



एडवोकेट स्नेह परिवार की ओर से मंगलवार को महाराणा प्रताप जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने मेवाड़ के गौरव महाराणा प्रताप के अदम्य साहस, वीरता और राष्ट्रप्रेम को नमन करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया।
कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं महाराणा प्रताप की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके बाद उपस्थित अधिवक्ताओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।
जिला अभिभाषक संस्था के उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राणावत ने महाराणा प्रताप के जीवन, हल्दीघाटी एवं दिवेर युद्ध के प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुए उनके शौर्य, स्वाभिमान और त्याग को याद किया। अधिवक्ता भूपेंद्र सिंह चारण ने महाराणा प्रताप के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार व्यक्त करते हुए राजस्थानी गीत 'म्हारा मेवाड़ी सरदार, वो महाराणा प्रताप कठे' प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थितजनों ने सराहा।
समाजसेविका निशा कंवर गौड़ ने महाराणा प्रताप की देशभक्ति, राष्ट्रप्रेम तथा नारी सम्मान के प्रति उनके दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। वहीं सूर्यप्रकाश सरगरा ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप को समर्पित कविता प्रस्तुत की।
इस अवसर पर जिला अभिभाषक संस्था महासचिव पंकज दाधीच, वंदना चौखड़ा, ममता दाधीच, पल्लवी गुप्ता, सरिता स्वर्णकार, शीबा जॉन एवं दीपक चतुर्वेदी ने भी महाराणा प्रताप के त्याग, बलिदान और राष्ट्रनिष्ठा पर अपने विचार व्यक्त किए।
कार्यक्रम के अंत में भारत माता की आरती की गई। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता भूपेंद्र सिंह चारण ने किया।
इस दौरान कार्यक्रम संयोजक पीरू सिंह गौड़, अनिल कुमार पारीक, गौरव पालीवाल, अटल बिहारी वैष्णव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता एवं एडवोकेट स्नेह परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से भक्तिरस में सराबोर हुए श्रद्धालु

## संजय कॉलोनी में भागवत कथा के पंचम दिवस गोवर्धन महिमा और छप्पन भोग प्रसंग का हुआ भावपूर्ण वर्णन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।





संजय कॉलोनी स्थित श्री चारभुजा मंदिर में 26वें पाटोत्सव महोत्सव के तहत आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस कथा व्यास आचार्य शक्ति देव जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, कालिया नाग दमन, गोवर्धन धारण एवं छप्पन भोग प्रसंग का संगीतमय और भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए।
आचार्य शक्ति देव जी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन धर्म स्थापना, लोककल्याण और भक्त संरक्षण का संदेश देता है। उनकी प्रत्येक लीला मानव जीवन को आध्यात्मिक दिशा प्रदान करती है। उन्होंने पूतना वध, शकटासुर एवं तृणावर्त वध प्रसंगों का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान बाल स्वरूप में भी अधर्म का नाश करने में समर्थ हैं।
कथा में बाल कृष्ण की माखन चोरी, गौचारण लीला और गोप-गोपियों के प्रेम प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया गया। कालिया नाग दमन प्रसंग के माध्यम से आचार्य श्री ने अहंकार और अत्याचार के अंत का संदेश दिया, वहीं गोवर्धन धारण प्रसंग में प्रकृति संरक्षण, सामूहिक एकता और ईश्वर पर अटूट विश्वास की प्रेरणा दी।
कथा के दौरान प्रस्तुत भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। कथा स्थल पर गोवर्धन पर्वत एवं छप्पन भोग की आकर्षक झांकी सजाई गई, जहां श्रद्धालुओं ने गिरिराज महाराज की प्रतीकात्मक परिक्रमा कर पूजा-अर्चना की। पांडाल नंदलाल के जयघोषों से गुंजायमान रहा।
कथा के समापन पर महाआरती एवं छप्पन भोग प्रसाद का वितरण किया गया। आयोजन में विशेष सहयोग प्रदान करने पर अयोध्या देवी रूनवाल, पवन रूनवाल, पंकज रूनवाल, वैभव रूनवाल परिवार तथा संजय-सुनीता एवं साहिल सुराना परिवार का सम्मान किया गया।
समिति मंत्री अरविंद जैन ने बताया कि सम्मान समारोह में अतिथियों का मेवाड़ी पगड़ी एवं उपरणा पहनाकर अभिनंदन किया गया। महिला अतिथियों का सम्मान महिला मंडल की ओर से किया गया। आयोजन को सफल बनाने में समिति पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

# वर्षा ऋतु को देखते हुए विधायक कोठारी ने ली सिक्योर कंपनी अधिकारियों की बैठक

## आंधी-तूफान से हुए नुकसान की समीक्षा, प्रभावित उपभोक्ताओं को त्वरित राहत देने के निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने वर्षा ऋतु के मद्देनजर अपने कार्यालय में सिक्योर कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक कर हाल ही में आए आंधी-तूफान एवं वर्षा से विद्युत तंत्र को हुए नुकसान की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में शीघ्र मरम्मत कार्य पूर्ण कर उपभोक्ताओं को तत्काल राहत प्रदान करने तथा मानसून के दौरान विद्युत आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए।
बैठक में सिक्योर कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि भीलवाड़ा शहर में कुल 123 फीडरों के माध्यम से विद्युत आपूर्ति की जाती है। 13 जून को आए भीषण आंधी-तूफान के कारण शहर के लगभग 80 फीडर प्रभावित हुए तथा 14 विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गए, जिनमें एक कंपोजिट पोल एवं एक स्टील पोल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त करीब 40 पेड़ विद्युत लाइनों पर गिर गए, जिनमें 36 पेड़ एचटी लाइन तथा 4 पेड़ एलटी लाइन पर गिरे। इस कारण लगभग 75 हजार उपभोक्ता प्रभावित हुए।
अधिकारियों ने बताया कि एवीवीएनएल एवं सिक्योर की संयुक्त टीमों ने युद्धस्तर पर कार्य करते हुए अधिकांश क्षेत्रों में 4 से 6 घंटे के भीतर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी थी। शेष 99 प्रतिशत व्यक्तिगत शिकायतों का समाधान 14 जून प्रातः 10 बजे तक कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों का भी 15 जून सायं तक क्षतिग्रस्त खंभों की मरम्मत कर निस्तारण कर दिया गया। सिक्योर कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में ऐसी परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए फीडर एवं डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मरों का नियमित रखरखाव, एलटी लाइनों का सुधार कार्य, लोड बैलेंसिंग तथा लो-वोल्टेज शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया निरंतर जारी है। वर्तमान में सामान्य दिनों में 'नो पावर' से संबंधित लगभग 90 प्रतिशत शिकायतों का समाधान 45 मिनट के भीतर तथा शेष शिकायतों का निस्तारण चार घंटे के भीतर किया जा रहा है।
विधायक कोठारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून के दौरान किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त संसाधन, सामग्री एवं तकनीकी दल तैयार रखें। उन्होंने कहा कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा उपभोक्ताओं की शिकायतों का प्राथमिकता से समाधान किया जाए। साथ ही नागरिकों से भी खराब मौसम के दौरान विद्युत सुरक्षा संबंधी सावधानियां बरतने की अपील की गई।
बैठक में एडवोकेट अर्पित कोठारी, गजेंद्र सिंह राठौड़, बाबूलाल टाक, संजय राठी, कमल कोठारी, राजकुमार ईनाणी, दिनेश सुथार एवं पृथ्वीराज सिंह उपस्थित थे।

# 45 दिन की मेहनत से गढ़ी सिंगोली श्याम की आकर्षक प्रतिमा, शिल्पकार राजेंद्र शर्मा की कला की हो रही सराहना

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।



कस्बे के प्रतिभाशाली हस्त मूर्ति कलाकार राजेंद्र कुमार शर्मा (बड़ी कुड़ियां वाले) ने अपनी अद्भुत शिल्पकला का परिचय देते हुए भगवान सिंगोली श्याम की जीवंत एवं आकर्षक प्रतिमा तैयार की है। प्रतिमा की सुंदरता और बारीक कारीगरी को देखकर नगर सहित आसपास के क्षेत्र के लोग कलाकार की प्रतिभा की मुक्तकंठ से प्रशंसा कर रहे हैं।
शर्मा ने बताया कि इस प्रतिमा को तैयार करने में 45 दिनों का समय लगा। उन्होंने प्रतिदिन 12 से 13 घंटे तक श्रम करते हुए 55 किलो मिट्टी से भगवान सिंगोली श्याम का दिव्य स्वरूप गढ़ा। प्रतिमा पूरी तरह हस्तनिर्मित है तथा इसके निर्माण में किसी भी प्रकार की मशीन का उपयोग नहीं किया गया है।
शर्मा ने बताया कि मिट्टी, फेविकोल और पानी के विशेष मिश्रण से प्रतिमा तैयार की गई है। इसकी बारीक नक्काशी एवं स्वरूप को उभारने के लिए उन्होंने स्वयं निर्मित औजारों का उपयोग किया। उनकी यह कृति पारंपरिक हस्तकला और समर्पित साधना का उत्कृष्ट उदाहरण मानी जा रही है।
शिल्पकार राजेंद्र शर्मा ने बताया कि उन्होंने किसी संस्थान से मूर्तिकला की औपचारिक शिक्षा प्राप्त नहीं की है। उन्हें प्रारंभिक प्रेरणा अपने बड़े भाई जगदीश शर्मा से मिली। इसके बाद उन्होंने '?' को अपना आध्यात्मिक गुरु मानते हुए साधना और निरंतर अभ्यास के माध्यम से अपनी कला को निखारा।
उन्होंने बताया कि कला केवल प्रतिमा निर्माण का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को सकारात्मक संदेश देने का सशक्त साधन भी है। इसी उद्देश्य से वे नई पीढ़ी को इस पारंपरिक कला से जोड़ने और उन्हें प्रशिक्षण देने का प्रयास कर रहे हैं।
राजेंद्र शर्मा इससे पूर्व सांवलिया सेठ, द्वारकाधीश, श्रीनाथजी, बाणमाता, करणी माता, बंक्यारानी माता, पंचमुखी दरबार तथा वेंकटेश्वर तिरुपति बालाजी सहित विभिन्न प्रसिद्ध धामों के लिए आकर्षक प्रतिमाएं तैयार कर चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम, सांप्रदायिक एकता, विश्व शांति, पर्यावरण संरक्षण, गो रक्षा एवं संस्कारों जैसे सामाजिक विषयों पर भी कई प्रभावशाली कलाकृतियां बनाई हैं।
उनकी कला का प्रदर्शन जयपुर के जवाहर कला केंद्र, अल्बर्ट हॉल संग्रहालय तथा भीलवाड़ा के विभिन्न औद्योगिक मेलों में भी हो चुका है। सिंगोली श्याम की नवीन प्रतिमा ने एक बार फिर आसींद क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।

# सास-बहू की रैंप वॉक में झलका रिश्तों का अपनापन, मांडना कला और अंताक्षरी ने बांधा समां

## महेश नवमी महोत्सवः विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन, विजेताओ को किया पुरस्कृत

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।




श्रीनगर सभा के तत्वावधान में नगर माहेश्वरी महिला संस्थान द्वारा आयोजित महेश नवमी महोत्सव की रचनात्मक प्रतियोगिताओं के तृतीय दिवस विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नगर अध्यक्षा वीणा मोदी ने बताया कि महोत्सव का उद्देश्य समाज में पारिवारिक मूल्यों, संस्कृति एवं आपसी सौहार्द को बढ़ावा देना है। सचिव विनीता तोष्णीवाल के अनुसार सभी प्रतियोगिताओं में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।
'सास और बहू-रिश्तों की रैंप वॉक' प्रतियोगिता में सास-बहू की जोड़ियों ने प्रेम, सम्मान और आपसी सामंजस्य की सुंदर प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया प्रतियोगिता की मुख्य प्रभारी अनु मोदी, नीलम दरगड़ एवं चेतना जागेटिया रहीं तथा संयोजन संजय कॉलोनी महिला संगठन की अध्यक्ष अनुपमा मंत्री एवं सचिव मधु हिंगड़ द्वारा किया गया। प्रथम सुधा असावा-सलोनी असावा द्वितीय सरोज सोमानी शिल्पा सोमानी, तृतीय मीना जेथलिया मनीषा जेथलिया रहे। 'नारी मांडना (अल्पना)- पारंपरिक कला की ओर' प्रतियोगिता में 40 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन करते हुए पारंपरिक मांडना कला के आकर्षक स्वरूप प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता की मुख्य प्रभारी रेखा लढा, गायत्री मुंदड़ा एवं मधु जाजू रहीं तथा संयोजन शास्त्री नगर महिला संगठन की अध्यक्ष रेखा धूत एवं सचिव विनीता तापड़िया द्वारा किया गया। प्रथम नीलू मालू, द्वितीय सुनीता कास्ट ,तृतीय डिंपल काबरा 'गूंजे सुर, खिलें मुस्कान - मिले सुर मेरा तुम्हारा' अंताक्षरी प्रतियोगिता 13 क्षेत्रीय माहेश्वरी महिला संगठनों के मध्य आयोजित की गई। सभी टीमों ने शानदार गीतों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतिभागियों की आकर्षक वेशभूषा एवं ड्रेस कोड कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहे। अंताक्षरी में प्रथम आजाद नगर, द्वितीय शास्त्री नगर तथा तृतीय सुभाष नगर रही।
मुख्य प्रभारी सुमन सोनी ने पूरे कार्यक्रम का अत्यंत सुंदर एवं व्यवस्थित संचालन किया, जिससे प्रतियोगिता रोमांचक और आनंदमय बनी रही। गीत-संगीत से सजे इस आयोजन का सभी ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम में आज के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष सीमा कोगटा, प्रदेश उपाध्यक्ष मोना डाड, राधे श्याम चेचानी, कैलाश कोठारी, अशोक बाहेती सत्यनारायण डाड, राजेंद्र कचोलिया, दिलीप तोषनीवाल, केदार जागेटिया, सुरेश बिरला, प्रहलाद नुवाल, केजी राठी, गोपाल नराणीवाल सभी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कैलाश कोठारी ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए आयोजन की सराहना की। और अपनी और से सभी प्रतियोगियो को विशेष पुरस्कार दिया। अंत में संस्थान पदाधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों, प्रभारियों, संयोजकों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।
महोत्सव के तृतीय दिवस के कार्यक्रमों ने संस्कृति, कला, संगीत और पारिवारिक रिश्तों की सुंदर छटा बिखेरते हुए समाजजनों का भरपूर मनोरंजन किया।

# स्वाभिमान के प्रतीक महाराणा प्रताप जयंती पर उमड़ा राजपूत समाज, निकली भव्य वाहन एवं पदयात्रा रैली

## हिन्दुआ सूरज महाराणा प्रताप को शाहपुरा में श्रद्धापूर्वक नमन, प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर लिया आदर्शों पर चलने का संकल्प

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

अमर शूरवीर, हिन्दुआ सूरज, मेवाड़ के गौरव एवं स्वाभिमान के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती बुधवार को शाहपुरा में राजपूत समाज द्वारा श्रद्धा, उत्साह एवं गौरवपूर्ण वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन एवं युवाजन राजपूत छात्रावास शाहपुरा में एकत्रित हुए, जहां प्रातः 10:15 बजे महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया तथा पुष्पांजलि अर्पित कर वीर शिरोमणि को नमन किया गया।




कार्यक्रम का शुभारंभ महाराणा प्रताप के चित्र एवं प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान पुष्पेंद्र सिंह राणावत ने महाराणा प्रताप के जीवन चरित्र, संघर्ष, त्याग, राष्ट्रभक्ति एवं स्वाभिमान पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने अपने जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना किया, लेकिन कभी भी अपने स्वाभिमान और स्वतंत्रता से समझौता नहीं किया। उनका जीवन आज भी समाज और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

सुजान क्षत्रिय सेवा संस्थान के अध्यक्ष भगवत सिंह राणावत ने अपने उद्बोधन में कहा कि महाराणा प्रताप केवल राजपूत समाज ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र के गौरव हैं। उन्होंने मातृभूमि की रक्षा और स्वाभिमान के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। आज आवश्यकता है कि युवा पीढ़ी उनके आदर्शों को आत्मसात कर समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए।

संस्थान के महामंत्री गोवर्धन सिंह राणावत ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन साहस, त्याग और आत्मसम्मान का अनुपम उदाहरण है। विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने संघर्ष का मार्ग चुना और कभी भी पराधीनता स्वीकार नहीं की। उनके आदर्श आज भी हमें सत्य, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति का संदेश देते हैं। इसके पश्चात समाज के वरिष्ठजन एवं युवाजन रैली के रूप में राजपूत छात्रावास से रवाना हुए। रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई महाराणा प्रताप सर्किल पहुंची, जहां स्थापित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस दौरान समाजजनों ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के जयघोष लगाए, जिससे पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति एवं गौरव की भावना से ओतप्रोत हो गया। कार्यक्रम के दौरान समाज के गणमान्य नागरिकों का साफा बंधवाकर सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर सुजान क्षत्रिय सेवा संस्थान के अध्यक्ष भगवत सिंह राणावत, महामंत्री गोवर्धन सिंह राणावत, कोषाध्यक्ष तेजेंद्र सिंह नरूका, पूर्व उप प्रधान बजरंग सिंह राणावत, गोविंद सिंह राणावत, दलेल सिंह कानावत, प्रताप सिंह राणावत, सुरेंद्र सिंह राठौड़, महावीर सिंह राणावत, भगवत सिंह निंबाहेड़ा, सुरेंद्र सिंह कानावत, नरेंद्र सिंह खंगारोत, महावीर सिंह खंगारोत, सत्येंद्र सिंह खंगारोत, बिंटू सिंह राणावत, जोरावर सिंह राणावत, गजेंद्र सिंह सोलंकी, गजेंद्र सिंह भाटी, पर्वत सिंह कानावत, नरपत सिंह राणावत, दौलत सिंह राणावत, पुष्पेंद्र सिंह राणावत, आदित्य वर्धन सिंह राणावत, विजेंद्र पाल सिंह राणावत, विजेंद्र सिंह खंगारोत, आनंद सिंह राठौड़, देवराज सिंह खंगारोत, धन सिंह राणावत, परमजीत सिंह, वीरेंद्र सिंह कानावत, शैलेंद्र सिंह गौड़, श्याम सिंह कानावत, हिम्मत सिंह राणावत, प्रदीप सिंह राणावत, विक्रम सिंह राठौड़, भेरू सिंह राणावत, कुलदीप सिंह राणावत, शिवराज सिंह खंगारोत सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं युवा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित समाजजनों ने महाराणा प्रताप के शौर्य, त्याग, राष्ट्रप्रेम और स्वाभिमान के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया तथा समाज में एकता, संगठन और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत बनाने का संदेश दिया। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह, अनुशासन और सामाजिक एकजुटता का अद्भुत दृश्य देखने को मिला।

# बच्चों ने सिंधी भाषा, भजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा मन, प्रतिभागियों व प्रशिक्षकों का हुआ सम्मान

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचन्द पेसवानी**

नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, भाषा और संस्कारों से जोड़ने के उद्देश्य से भारतीय सिंधु सभा द्वारा पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान में आयोजित सिंधु सभा बाल संस्कार शिविर का रविवार को भावपूर्ण वातावरण में औपचारिक समापन किया गया। दिलखुशाल बाग स्थित पूज्य झूलेलाल मंदिर परिसर में आयोजित समापन समारोह में बच्चों की प्रतिभा, उत्साह और सांस्कृतिक चेतना देखते ही बनी। पूरे कार्यक्रम के दौरान सिंधी संस्कृति और भगवान झूलेलाल के प्रति श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला।

समारोह की शुरुआत भगवान झूलेलाल की आरती एवं वंदना के साथ हुई। इसके बाद शिविर की गतिविधियों और उपलब्धियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। शिविर में भाग लेने वाले बच्चों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर ने उन्हें अपनी संस्कृति, परंपराओं और मातृभाषा से जुड़ने का अवसर प्रदान किया। बच्चों ने मंच से आत्मविश्वास के साथ विभिन्न प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमुदाय का दिल जीत लिया।

समापन समारोह में बच्चों ने सिंधी भाषा में भजन, गीत, बोली तथा भगवान झूलेलाल पर आधारित आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया और यह संदेश दिया कि यदि बच्चों को सही दिशा और मंच मिले तो वे अपनी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

सिंधु सभा के शाहपुरा नगर अध्यक्ष चेतन चंचलानी की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में सिंधु सभा महिला शाखा अध्यक्ष शिल्पा सामतानी, उपाध्यक्ष कविता वासवानी, मंत्री विमला आसवानी एवं सहमंत्री वर्षा मतलानी ने शिविर में शामिल सभी बच्चों को पारितोषिक और स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। बच्चों के चेहरे पर सम्मान प्राप्त करने की खुशी साफ झलक रही थी।

शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली प्रशिक्षक रेखा शर्मा, विमला आसवानी, पाखी लखपतानी और मनीषा आसवानी को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समाज की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह एवं पारितोषिक देकर उनके योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने प्रशिक्षकों के समर्पण और मेहनत की प्रशंसा की।



पूज्य सिंधी पंचायत के मीडिया प्रभारी मूलचन्द पेसवानी ने बताया कि बाल संस्कार शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों में नैतिक मूल्यों, सामाजिक संस्कारों, सिंधी भाषा और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति जागरूकता विकसित करना था। शिविर के दौरान बच्चों को धार्मिक, सांस्कृतिक और नैतिक शिक्षा से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया।

समारोह में पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष लीलाराम वासवानी, सचिव नरेश लखपतानी, कोषाध्यक्ष अशोक थानवानी, सिंधु सभा नगर अध्यक्ष चेतन चंचलानी सहित समाज के अनेक पदाधिकारी, महिला कार्यकर्ता और समाजजन उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि ऐसे संस्कार शिविर समय की आवश्यकता हैं, क्योंकि आधुनिकता की दौड़ में बच्चों को अपनी जड़ों से जोड़े रखना समाज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया। पूरे आयोजन ने यह साबित कर दिया कि जब समाज अपनी संस्कृति और संस्कारों के संरक्षण के लिए संगठित होकर कार्य करता है तो नई पीढ़ी में भी अपनी पहचान और विरासत के प्रति गर्व की भावना विकसित होती है। बाल संस्कार शिविर का यह समापन समारोह बच्चों के लिए प्रेरणा, सीख और सांस्कृतिक चेतना का यादगार अवसर बन गया।

# केरम प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण वातावरण में शुभारम्भ, समाजजनों में दिखा उत्साह

## महेश नवमी महोत्सव:समाज के विभिन्न वर्गो के 147 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

श्री नगर माहेश्वरी सभा, भीलवाड़ा के तत्वावधान में महेश नवमी महोत्सव के अवसर पर उत्सव क्लब द्वारा प्रायोजित केरम प्रतियोगिता का शुभारम्भ उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन अतिथी कैलाश कोठारी, राधेश्याम चेचाणी, अनिल बांगड़, प्रदीप बल्दवा, भेरू लाल काबरा, केदार जागेटिया, किशन गोपाल सोडाणी, अर्चित मून्द्रडा, सीए अंकित लखोटिया द्वारा दीप प्रज्वलन एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि केरम जैसी बौद्धिक एवं मनोरंजक प्रतियोगिताएं युवाओं और वरिष्ठजनों को एक मंच पर लाकर सामाजिक एकता को मजबूत करती हैं। उत्सव क्लब के प्रदीप बल्दवा व केरम प्रभारी कमलेश सोमानी ने बताया की प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के कुल 147 प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



मुकाबलों के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। उत्सव कल्ब से लक्ष्मी लाल लढा, श्याम बिड़ला, ओम मालानी, कैलाश सोमानी, नरेश बाहेती, प्रमोद चेचानी, अनिल मूंदड़ा सहित दर्शकों की अच्छी उपस्थिति रही।

# केवट भक्त की निष्काम सेवा और समर्पण का प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास।**

रामद्वारा में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में आयोजित भक्तमाल कथा के तहत बुधवार को कथावाचक अजब रामजी महाराज ने भगवान श्रीराम के परम भक्त केवट के जीवन चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गए और पूरा रामद्वारा परिसर जय श्रीराम के जयघोषों एवं हरिनाम संकीर्तन से गुंजायमान रहा।

कथावाचक अजब रामजी महाराज ने कहा कि भगवान अपने भक्तों के प्रेम और समर्पण के वश में रहते हैं। उन्होंने केवट प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि वनवास के दौरान जब भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण गंगा तट पर पहुंचे तो केवट ने प्रभु के चरणों की महिमा का स्मरण करते हुए पहले उनके चरण पखारने का आग्रह किया। भक्त के निष्कपट प्रेम और समर्पण से प्रसन्न होकर भगवान श्रीराम ने उसे अपना स्नेह और आशीर्वाद प्रदान किया। महाराज ने कहा कि केवट का जीवन सेवा, विनम्रता और निस्वार्थ भक्ति का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने श्रद्धालुओं से जीवन में सेवा, सद्भाव और परोपकार की भावना अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि भगवान के प्रति अटूट श्रद्धा और निष्काम सेवा ही सच्ची भक्ति का आधार है।

उन्होंने कहा कि मनुष्य को सांसारिक मोह-माया से ऊपर उठकर भगवान के नाम का स्मरण करना चाहिए। ईश्वर से जुड़ा व्यक्ति जीवन की कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, संतोष और आत्मबल प्राप्त करता है।




कथा के दौरान श्रद्धालु बार-बार जय श्रीराम के जयघोष लगाते रहे। कार्यक्रम में शैतान सिंह शक्तावत, कृष्ण गोपाल सोमानी, रतनलाल आशावा, सत्यनारायण लखारा, लादूजी वैष्णव, माधूलाल कीर, भूपेन्द्र गट्टाणी सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

# दो वर्ष की लंबी प्रतीक्षा के बाद भी शुरू नहीं हुआ मार्ग, दुकानदारों में रोष

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**



**( नरेश धाकड़)** मालीपुर से कैसरगंज चौराहे तक चल रहे सड़क निर्माण कार्य को लगभग पूर्ण हुए एक माह से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक मार्ग को आमजन के लिए सुचारू रूप से शुरू नहीं किया गया है। इससे स्थानीय व्यापारियों और राहगीरों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

क्षेत्र के दुकानदारों का कहना है कि जिस सड़क निर्माण कार्य को छह माह में पूरा हो जाना चाहिए था, उसे पूरा होने में करीब दो वर्ष का समय लग गया। अब निर्माण कार्य लगभग समाप्त होने के बावजूद सड़क के दोनों ओर आवश्यक भराव कार्य और अन्य व्यवस्थाएं नहीं की जा रही हैं, जिसके कारण मार्ग को चालू नहीं किया जा सका है। स्थानीय व्यापारी गोविंद सेन और सत्यनारायण धाकड़ ने बताया कि पिछले दो वर्षों से सड़क निर्माण के चलते उनके व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। मार्ग बंद रहने से ग्राहकों की आवाजाही कम हो गई, जिससे व्यवसाय प्रभावित हुआ है। उनका कहना है कि यदि सड़क को शीघ्र चालू कर दिया जाए तो बाजार में फिर से रौनक लौटेगी और व्यापारिक गतिविधियां सामान्य हो सकेंगी।

व्यापारियों एवं क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और नगर पालिका से मांग की है कि सड़क के शेष कार्यों को तत्काल पूरा कर मार्ग को जल्द से जल्द जनता को समर्पित किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिले और स्थानीय व्यापारियों की आजीविका पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव को कम किया जा सके।

# अधिशासी अधिकारी मनोज मीना का बड़ा एक्शन प्लान, सावर में विकास को मिलेगी रफ्तार और अवैध अतिक्रमणों पर होगी सख्त कार्यवाही

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

**दिलखुश मोटीस**



नगर पालिका सावर को नया अधिशासी अधिकारी मिल गया है। नव नियुक्त अधिशासी अधिकारी मनोज मीना ने बुधवार को विधिवत रूप से अपना पदभार ग्रहण कर लिया। उनके कार्यभार संभालने के साथ ही नगर पालिका के प्रशासनिक एवं विकास कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। पदभार ग्रहण करने के बाद अधिशासी अधिकारी मीना ने नगर क्षेत्र के समग्र विकास, स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, पेयजल आपूर्ति में सुधार, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को बेहतर करने तथा आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल बताया। उन्होंने कहा कि नगर पालिका का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है और इसके लिए सभी स्तरों पर प्रभावी प्रयास किए जाएंगे।


इसके साथ ही उन्होंने नगर क्षेत्र में सार्वजनिक मार्गों, नालों, सरकारी भूमि एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अवैध अतिक्रमणों के विरुद्ध कार्रवाई के भी संकेत दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर की व्यवस्था एवं विकास में बाधा बनने वाले अवैध अतिक्रमणों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा आवश्यकता पड़ने पर प्रशासन का पीला पंजा भी चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्रवाई पूरी तरह नियमों के तहत एवं निष्पक्ष रूप से की जाएगी।

कार्यभार ग्रहण के अवसर पर नगर पालिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत कर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मीना ने कहा कि सावर को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित नगर बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों तथा आम नागरिकों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि विकास कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी तथा नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान किया जाएगा। नगरवासियों ने नए अधिशासी अधिकारी के पदभार ग्रहण करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आशा जताई कि उनके कार्यकाल में विकास कार्यों को गति मिलेगी, मूलभूत सुविधाओं में सुधार होगा तथा लंबे समय से लंबित समस्याओं के समाधान के साथ-साथ अवैध अतिक्रमणों पर भी प्रभावी कार्रवाई देखने को मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व सावर नगर पालिका में अधिशासी अधिकारी का पद रिक्त था तथा प्रशासनिक कार्यों के सुचारु संचालन के लिए तेजभान सिंह को अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया था। अब नियमित अधिशासी अधिकारी की नियुक्ति से नगर पालिका के विकास एवं प्रशासनिक कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है।

# नवनिर्मित मंदिर में देवनारायण भगवान की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**



**( सांवर वैष्णव )** क्षेत्र के बड़ला गांव स्थित नाया की गुवाड़ी में नवनिर्मित देवनारायण भगवान मंदिर में बुधवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा समारोह श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर में आयोजित पांच दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ 13 जून को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ था। महोत्सव के तहत बुधवार सुबह 7:15 बजे यज्ञाचार्य पंडित लक्ष्मी नारायण दोवनी के सान्निध्य में वैदिक विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ देवनारायण भगवान की मूर्तियों की स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा की गई।

इसके पश्चात सुबह 9 बजे महाआरती के साथ महायज्ञ की पूर्णाहुति हुई। श्रद्धालुओं ने देवनारायण भगवान के दर्शन कर परिवार में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम के दौरान भक्तिमय माहौल बना रहा तथा जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा।

समारोह के समापन पर भगवान को प्रसादी का भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।